an>

Title: Need to implement the recommendations of Swaminathan Committee Report and constitute an Agriculture Commission to enable farmers to register their agriculture related grievances.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) ः देश के किसानों द्वारा पैंदा किये गए धान, अनाज व अन्य फसलों पर सूखे की मार के चलते उत्पादन में कमी तथा पैंदा की गई चीजों को मण्डी में लागत से कम कीमत मिलने के फलस्वरूप किसान परिवारों को आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है जिसके कारण किसानों की आत्महत्याओं की घटनाओं में महाराष्ट्र के मराठवाड़ा व विदर्भ सहित देश में वृद्धि हुई है। इन आत्महत्याओं का सिलसिला रोकने के लिए किसानों को उचित दाम मिलने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को स्वीकार करके तुरंत अमल में लाने की आवश्यकता है। साथ ही, देश के किसानों के हित में कृषि आयोग का गठन किया जाए जिसके माध्यम से किसान अपने कर्जा माफी, पेयजल संकट, बिजली संकट व आर्थिक संकट के मामलों से सरकार को अवगत करा सकें।